Title: Need to provide financial assistance to Government of Himachal Pradesh to protect Manikaran from flood.

श्री महेश्वर सिंह (मंडी) : उपाध्यक्ष जी, हिमाचल प्रदेश के जिला कुल्लू में मनीकरण एक धार्मिक स्थल के अतिरिक्त उबलते हुए पानी के स्रोत और पानी में ही खाना पकाने की क्षमता होने के कारण न केवल स्वदेशी बल्कि विदेशी पर्यटकों और श्रद्धालुओं के आर्काण का केन्द्र बिंदु है। देश के प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी भी 17 जून 1989 में इस स्थल पर पधार चुके हैं और वहां की भौगोलिक स्थिति से परिचित हैं। इस र्वा जब वे मनाली प्रवास पर आए थे तो मनीकरण निवासियों का एक प्रतिनिधि मंडल उनसे मिला था और उन्होंने बाढ़ नियंत्रण कार्य हेतु केन्द्रीय जल तथा विद्युत अनुसंधानशाला खड़गवासला, पुणे द्वारा तैयार किए गए प्रक्कलन के आधार पर 1 करोड़, 92 लाख 50 हजार 900 रुपये आर्थिक अनुदान दिये जाने हेतु अनुरोध किया था।

दुर्भाग्य से 13 अगस्त, 2001 की रात्रि में भयंकर बाढ़ आने से भूमि कटाव हो गया जिसके कारण गांव में दरारें पड़ गई और अनेक दुकानें बह गई। यदि जल्दी कार्रवाई नहीं की गई तो इस स्थल का नामोनिशान मिट जाएगा। हिमाचल सरकार की कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण मेरा आपके माध्यम से प्रधान मंत्री जी से आग्रह है कि अविलम्ब आर्थिक अनुदान प्रदान कर इस ऐतिहासिक धार्मिक स्थल को बचाने की कृपा करें।